राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद
(भारत सरकार का एक विधिक संस्थान)

गुरुर्गुरुतमो धाम
NCTE

**National Council for Teacher Education**
(A Statutory Body of the Government of India)

फा.सं. 2–4/2009/राअशिप/रा.भा.

दिनांकः 20 अक्तूबर, 2015

सेवा में,

श्री गजराज सिंह,
उप निदेशक,
सी विंग, शास्त्री भवन,
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
नई दिल्ली

विषयः हिन्दी सप्ताह आयोजन की रिपोर्ट का प्रेषण

महोदय,

परिषद के तत्वावधान में आयोजित हिन्दी सप्ताह 2015 की रिपोर्ट सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु संलग्न है, अवलोकन करने की कृपा करें।

भवदीय,

(जुगलाल सिंह)
सदस्य सचिव

प्रतिलिपिः

1. उपनिदेशक(कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, लोकनायक भवन, नई दिल्ली
2. सम्पादक (राजभाषा भारती), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार, लोकनायक भवन, नई दिल्ली
3. सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, प्रसार भारती, आकाशवाणी भवन, पार्लियामेंट स्ट्रीट, नई दिल्ली
4. ईडीपी अनुभाग, वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु
5. अध्यक्ष, राअशिप के निजी सचिव को सूचनार्थ

Wing – II, Hans Bhawan, 1, Bahadur Shah Zafar Marg, New Delhi-110002
Tel : 011-23370129. Fax : 23379980

# राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिषद

फा.सं. 2–4/2009/राअशिप/रा.भा. दिनांक: 06–10–2015

विषय: राअशिप में हिन्दी सप्ताह आयोजन की सचित्र रिपोर्ट

गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी परिषद मुख्यालय में दिनांक 14 सितम्बर से 18 सितम्बर, 2015 तक हिन्दी सप्ताह का सफल आयोजन किया गया। 14 सितम्बर को हिन्दी दिवस का आयोजन धूनधाम से किया गया। इस अवसर पर परिषद के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों ने कॉन्फ्रेंस हॉल में एकत्रित होकर राजभाषा हिन्दी का सफल और कार्यालयीन कार्यों में अधिकाधिक कार्य हिन्दी में ही करने का संकल्प लिया। माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री, भारत सरकार तथा सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय के संदेशों की प्रतियां सबको वितरित की गयीं और विषयवस्तु से सबको अवगत कराया गय। परिषद के सदस्य सचिव की ओर से भी एक संदेश जारी किया गया, जिसमें सभी अधिकारियों से अनुरोध किया गया है कि परिषद में जिनको हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान है, वे अधिकाधिक कार्य हिन्दी में ही करें।

सप्ताह के दौरान अन्य कार्यक्रमों के अतिरिक्त 6 हिन्दी प्रतियोगिताएं जैसे श्रुतलेख, टिप्पण–प्रारूप लेखन, आशुभाषण, सामान्य ज्ञान(क्विज), हिन्दी टंकण तथा अंत्याक्षरी आयोजित की गयीं जिनमें कर्मचारियों ने बड़े उत्साह से भाग लिया और विजयी रहे। प्रत्योगिता समापन के अवसर पर दिनांक 18.09.2015 को परिषद के अध्यक्ष और सदस्य सचिव ने सम्मिलित होकर सभी कार्यक्रमों के सफल समापन पर अपना हर्ष व्यल्त किया और सबको शुभकामनाएं सम्प्रेषित कीं।

दिनांक 3 अक्तूबर, 2015 को अध्यक्ष, राअशिप की अध्यक्षता में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें सदस्य सचिव सहित समस्त अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित हुए। इस अवसर पर सामूहिक राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। परामर्शदाता(रा.भा.) ने परिषद में हिन्दी प्रगति रिपोर्ट की प्रस्तुति की। तत्पश्चात सदस्य सचिव ने अपने प्रेरक सम्बोधन में कहा कि हिन्दी हमारी संवैधानिक राजभाषा है, अतः प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि इसे सम्मान दें, और व्यावहारिक रूप से अपना काम–काज हिन्दी में अधिकाधिक करें।

अध्यक्ष महोदय ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को 72 नकद पुरस्कार और प्रमाण–पत्र प्रदान किए। पुरस्कार राशि अलग–अलग वर्गों में (नियमित और संविदागत कर्मियों में) प्रथम पुरस्कार राशि रु 2500/–, द्वितीय रु 2000/–, रु 1500/– और सांत्वना में 500 रु/– की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गयी।

पुरस्कार वितरण के पश्चात अध्यक्ष महोदय ने अपने सम्बोधन में कहा कि हिन्दी हमारी राजभाषा ही नहीं बल्कि मुख्य राष्ट्रभाषा और सारे देश की सम्पर्क भाषा भी है। हमारा

क्रमशः --- 2

विश्व में सबसे बड़ा लोकतंत्र तभी सफल माना जा सकता है, जब हम अपनी भाषा में सारा राज–काज करने लगेंगे। उन्होंने सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध किया कि वे सभी सरकारी कार्यों में यथासंभव हिन्दी का प्रयोग करते रहें। उन्होंने कहा कि परिषद में अनेक हिन्दी प्रकाशन निकल रहे हैं – जैसे अन्वेषिका शोध पत्रिका, स्वामी विवेकानन्द और शिक्षा तथा योग पर अनेक पाठ्यपुस्तकों का प्रकाशन। इसी प्रकार उन्होंने हिन्दी के सम्यक विकास पर भी जोर दिया है।

अन्त में अवर सचिव(प्रशासन) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ समारोह का समापन हुआ।

# हिन्दी प्रतियोगिताओं में पुरस्कृत कर्मचारियों की सूची

| 1. श्रुतलेख (14.09.2015) | |
|---|---|
| **नियमित कर्मचारी** | |
| श्री ताराचन्द | प्रथम |
| श्री बम बहादुर | द्वितीय |
| श्री राजवीर सिंह | तृतीय |
| श्री सतीश चन्द | प्रोत्साहन |
| **संविदागत कर्मचारी** | |
| श्री किशोर कुमार नेगी | प्रथम |
| श्री हरीश कुमार मांझी | द्वितीय |
| श्री दीपक कुमार | तृतीय |
| श्री ओम प्रकाश | प्रोत्साहन |
| **2. हिन्दी टिप्पण / आलेखन तथा वर्तनी (14.09.2015)** | |
| **नियमित कर्मचारी** | |
| उमेश कुमार | प्रथम |
| श्रीमती कनिका ढ़िल्लों | द्वितीय |
| श्री दुर्गेश कुमार | तृतीय |
| श्री राम प्रकाश | प्रोत्साहन |
| **संविदागत कर्मचारी** | |
| उमेश कुमार | प्रथम |
| हिमांशु अधिकारी | द्वितीय |

क्रमशः – 2

| | |
|---|---|
| शालिनी राठौर | तृतीय |
| दिलावर हुसैन | तृतीय |
| गोडविन बारा | प्रोत्साहन |
| **3. आशुभाषण (15.09.2015)** | |
| **नियमित कर्मचारी** | |
| श्रीमती कनिका ढ़िल्लों | प्रथम |
| श्री दुर्गेश कुमार | द्वितीय |
| श्री राम प्रकाश | तृतीय |
| श्री प्रेम सिंह | प्रोत्साहन |
| **संविदागत कर्मचारी** | |
| सरिता रावत | प्रथम |
| गोडविन बारा | द्वितीय |
| उमेश कुमार | तृतीय |
| गौरव कुमार | प्रोत्साहन |
| **4. हिन्दी प्रश्नोत्तरी (क्विज) (16.09.2015)** | |
| **नियमित कर्मचारी** | |
| श्री गुलाब सिंह नेगी | प्रथम |
| श्रीमती कनिका ढ़िलों | द्वितीय |
| श्री उमेश कुमार | द्वितीय |
| श्रीमती हर्ष चांदी | तृतीय |
| श्री प्रवीण कुमार | प्रोत्साहन |

क्रमशः ---3

| | |
|---|---|
| श्री सतीश चन्द | प्रोत्साहन |
| **संविदागत कर्मचारी** | |
| उमेश कुमार | प्रथम |
| मुकेश कुमार | प्रथम |
| नरेश चन्द्र | द्वितीय |
| जय प्रकाश | द्वितीय |
| सरिता रावत | तृतीय |
| मंजू रावत | तृतीय |
| दिलावर हुसैन | तृतीय |
| आशीष बिष्ट | तृतीय |
| हिमांशु अधिकारी | तृतीय |
| गौरव कुमार | प्रोत्साहन |
| गोडविन बारा | प्रोत्साहन |
| **5. हिन्दी टंकण (17.09.2015)** | |
| **नियमित कर्मचारी** | |
| श्री राजवीर सिंह | प्रोत्साहन |
| **संविदागत कर्मचारी** | |
| उमेश कुमार | प्रथम |
| शालिनी राठौर | द्वितीय |
| गोडविन बारा | द्वितीय |

क्रमशः - 4 . .

| | |
|---|---|
| मंजू रावत | तृतीय |
| नरेश चन्द्र | प्रोत्साहन |
| **6. अंत्याक्षरी (18.09.2015)** | |
| **सम्मिलित** | |
| श्रीमती कनिका ढ़िल्लों, श्री उमेश कुमार, जय प्रकाश, हिमांशु अधिकारी | प्रथम |
| श्री सतीश चन्द, उमेश कुमार, नरेश चन्द्र, किशोर कुमार नेगी | द्वितीय |
| शालिनो राठौर, सलोनी, मदन मोहन परिदा, गौरव कुमार | द्वितीय |
| सरिता रावत, श्वेता, अमिषा, प्रीति | तृतीय |
| प्रवीण कुमार, जतीन कुमार, गोडविन बारा, राजेश कुमार | प्रोत्साहन |
| श्रीमती हर्ष चांदी, गुलाब सिंह नेगी, राम प्रकाश, मुकेश कुमार | प्रोत्साहन |